SUNDAY | 16.04.2023

उत्तर प्रदेश

अमर उजाला

Page No : 9 TOP

विजय की गेंदबाजी के दम पर जीती जेपीएम की टीम

जीआरएम की टीम ने भी हांडा पब्लिक स्कूल की टीम को 63 रन से हराया

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड पर श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का शनिवार को आगाज हुआ। उद्घाटन मुकाबले में विजय पाल की शानदार गेंदबाजी की बदौलत जेपीएम की टीम ने तीन विकेट सेंट फ्रांसिस को हराया। दूसरे मुकाबले में जीआरएम की टीम 63 रन से विजयी रही।

मैंन ऑफ द मैच का पुरस्कार सौंपते पदाधिकारी। संवाद

प्रतियोगिता के पहले दिन दो मुकाबले हुए। पहले मुकाबले में टॉस जीतकर जमुना प्रसाद मेमोरियल (जेपीएम) की टीम ने क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। पहले ओवर से ही सेंट फ्रांसिस की टीम के विकेट गिरने लगे। प्लेयर ऑफ द मैच विजय पाल ने चार विकेट लिए। मोहम्मद शाहरोज ने दो बल्लेबाजों को रन आउट किय। सलामी बल्लेबाज कुश शर्मा के 29 और कप्तान दक्ष के 23 रन की बदौलत टीम 130 के स्कोर तक पहुंच सकी। जवाब में जेपीएम की पारी भी तीसरे ओवर से ही लड़खड़ाने लगी। मोहम्मद साहिल ने दो सौ के स्ट्राइक रेट से 28 रन बनाए और तीन विकेट से मुकाबला जीत लिया।

दूसरे मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए जीआरएम की टीम ने पांच विकेट के नुकसान पर 185 का लक्ष्य रखा। हांडा पब्लिक स्कूल की टीम 121 रन ही बना सकी। जीआरएम ने मुकाबला 63 रन से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच आर्यन गंगवार रहे।

इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक आदित्य मूर्ति, आईएसए के अध्यक्ष पारुष अरोड़ा और सचिव निर्भय बेनीवाल ने किया।